भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3155

गुरुवार, 11 जुलाई, 2019/20 आषाढ़, 1941 (शक)

मनमाड-माले-धुले-इंदौर सड़क मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करना

3155. डॉ॰ भारती प्रवीण पवारः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मनमाड-धुले-इंदौर सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) घोषित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो किस तिथि को इसे एनएच घोषित किया गया था;

(ग) उक्त एनएच पर अब तक क्या कार्य किया गया है; और

(घ) इस एनएच पर हुई प्रगति की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): जी, हां। चंदवाड़ के रास्ते मनमाड-माले-धुले-इंदौर खंड एक घोषित राष्ट्रीय राजमार्ग है।

(ख): मनमाड से चंदवाड़ तक के मार्ग को गजट अधिसूचना दिनांकित 03.01.2017 के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-752 जी घोषित किया गया। इसके अलावा, चंदवाड़-माले-धुले-इंदौर खंड को 15.04.1957 से लागू रारा अधिनियम 1956 {1956 का अधिनियम 48, दिनांकित 11.09.1956} की अनुसूची के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-3 के रूप में शामिल किया गया था।

(ग) और (घ): किए हुए कार्य और वर्तमान स्थिति का विवरण अनुलग्नक में है।

'मनमाड-माले-धुले-इंदौर सड़क मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करना' के संबंध में **डॉ. भारती प्रवीण पवार** द्वारा दिनांक 11.07.2019 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 3155 के भाग (ख) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित **अनुलग्नक**

क्र. सं.	खंड	किया गया कार्य	वर्तमान स्थिति
1	मनमाड- चंदवाड़	-	वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन के कार्य को मंजूरी दी गई है।
2	चंदवाड़ से धुले	लंबाई 96 किमी, बीओटी (टोल) आधार पर 4 लेन का बनाना	2010 में पूरा हुआ। वर्तमान में रियायतग्राही द्वारा संचालन और रखरखाव चरण के अधीन।
3	धुले-माह / एमपी सीमा	लंबाई 88 किमी, बीओटी (टोल) आधार पर 4 लेन का बनाना	2012 में पूरा हुआ। वर्तमान में रियायतग्राही द्वारा संचालन और रखरखाव चरण के अधीन।
4	माह/एमपी सीमा से खालघाट तक	लंबाई 77, बीओटी (टोल) आधार पर 4 लेन का बनाना	2013 में पूरा हुआ। वर्तमान में रियायतग्राही द्वारा संचालन और रखरखाव चरण के अधीन।
5	खालघाट से इंदौर	लंबाई 83 किमी, बीओटी (टोल) आधार पर 4 लेन का बनाना	2009 में पूरा हुआ। वर्तमान में रियायतग्राही द्वारा संचालन और रखरखाव चरण के अधीन।

*****